कोटद्वार, शुक्रवार
26 दिसम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 217 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 24.5 लाख की साइबर ठगी

रुद्रपुर। ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक से 24.5 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पुलिस पंतनगर ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घेरा फार्म शहदौरा थाना पुलभट्टा किच्छा निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह ने बताया कि 27 सितंबर को फेसबुक पर उन्हें चित्रा शर्मा नामक प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसके बाद फेसबुक मैसेंजर और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। महिला ने खुद को दिल्ली के साकेत क्षेत्र की निवासी बताते हुए एक ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ा होना बताया और शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया। इस पर उन्होंने व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक के माध्यम से एक कथित ट्रेडिंग वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाया। वेबसाइट पर लगातार भारी मुनाफा दिखाया जाता रहा। भरोसा दिलाने के लिए शुरुआत में उन्हें 22,185 रुपये प्रॉफिट के रूप में खाते में वापस किए गए। इसके बाद उन्होंने अलग–अलग तारीखों में आरटीजीएस और यूपीआई के माध्यम से देश के विभिन्न बैंकों में कुल 24.5 लाख रुपये रकम ट्रांसफर कर दी। वेबसाइट पर उनके अकाउंट में करोड़ों का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब उन्होंने रकम निकालने का प्रयास किया तो बार–बार विड्रॉल फेल होता रहा। बाद में वेबसाइट और चैट के जरिए कथित टैक्स के नाम पर 50 लाख रुपये से अधिक की अतिरिक्त मांग की गई, जिससे उन्हें ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना पंतनगर प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि बुधवार को मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रैफिक दरोगा को घसीट ले गया ई–रिक्शा चालक, घायल

रुद्रपुर। ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक दरोगा को ई–रिक्शा चालक कई मीटर तक घसीटकर ले गया, जिससे दरोगा घायल हो गया। पुलिसकर्मियों ने ई–रिक्शा चालक को पकड़ लिया है। उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए ई–रिक्शा को सीज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस में तैनात दरोगा राम सिंह गुरुवार को डीडी चौक पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान उन्हें गलत दिशा से आ रहा एक ई–रिक्शा दिखाई दिया। जैसे ही दरोगा ने ई–रिक्शा को रोकने का प्रयास करते हुए उसका एक हिस्सा पकड़ा, चालक ने वाहन नहीं रोका और दरोगा को घसीटता हुआ डीडी चौक से अग्रसेन चौक तक ले गया। घटना देख अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर दौड़े और चालक को पकड़कर डीडी चौक यातायात चौकी ले आए। हादसे में दरोगा को मामूली चोटें आईं। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि उपचार के बाद दरोगा को घर भेज दिया गया है।

### लकड़ी काटते वक्त पेड़ से गिरा युवक, मौत

हल्द्वानी। भीमताल के एक गांव का युवक जंगल में लकड़ी काटते वक्त पेड़ से गिर गया। गंभीर हालत में उसे हल्द्वानी के निजी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह भीमताल के सूर्य गांव निवासी 39 वर्षीय कैलाश आर्य एक अन्य युवक के साथ घर के पास जंगल में लकड़ी बीनने के लिए गए थे। पुलिस के मुताबिक लकड़ी काटते वक्त कैलाश का पैर फिसल गया और वह सीधा जमीन पर गिरकर हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गए। परिवार के लोग आनन–फानन में कैलाश को बेहोशी की हालत में लेकर हल्द्वानी के निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### लोहाघाट और बाराकोट में गुलदार की दहशत

चम्पावत। लोहाघाट और बाराकोट ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह बोहरा ने बताया बुधवार रात च्यूरानी, ओखलंज, धरगड़ा आदि क्षेत्रों में गुलदार दिखाई दिया। काली कुमाऊं के रेंजर आरके जोशी ने बताया ट्रेप कैमरा में गुलदार की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। धरगड़ा, च्यूरानी, मिरतोली ओखलंज आदि क्षेत्रों में वन विभाग की गस्त जारी है।

**अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट पर भड़का चीन**

## कहा-भारत के साथ संबंधों में दरार डालने की कोशिश



नई दिल्ली। अमेरिका की एक रिपोर्ट को लेकर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पेंटागन की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए चीन ने कहा है कि यह दस्तावेज झूठे नैरेटिव गढ़कर देशों के बीच अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। बीजिंग का आरोप है कि अमेरिका इस तरह की रिपोर्टों के जरिए अपनी सैन्य वर्चस्व नीति को सही ठहराना चाहता है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि पेंटागन की रिपोर्ट चीन की रक्षा नीति को तोड़–मरोड़ कर पेश करती है और भारत समेत अन्य देशों के साथ उसके संबंधों में दरार डालने की कोशिश करती है। चीन ने यह भी कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को दीर्घकालिक और रणनीतिक नजरिये से देखता है।

**पेंटागन रिपोर्ट पर चीन की आपत्ति**

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यह रिपोर्ट चीन की सैन्य नीतियों को गलत ढंग से पेश करती है। उनका कहना है कि अमेरिका बार–बार ऐसी रिपोर्ट जारी कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करता है और टकराव की राजनीति को बढ़ावा देता है।

**भारत–चीन रिश्तों पर चीन का रुख**

चीन ने कहा कि वह भारत के साथ संवाद बढ़ाने, आपसी विश्वास मजबूत करने और मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए तैयार है।

### घने कोहरे में टकराए दो डंपर, कोई हताहत नहीं

काशीपुर। क्षेत्र में घने कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने से हादसों का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार देर रात आईआईएम के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो डंपर आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में छाए घने कोहरे के कारण सामने का दृश्य साफ नहीं था। इसी दौरान एक डंपर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे दूसरे डंपर में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के अगले हिस्से को क्षति पहुंची, लेकिन दोनों ही गाड़ियों के चालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित पक्षों में बातचीत हुई। वाहन स्वामी पप्पू पुत्र बाबूराम निवासी रामपुर ने जानकारी दी कि दुर्घटना के बाद दोनों डंपर स्वामियों ने सूझबूझ का परिचय दिया। पुलिस कार्रवाई के बजाय दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है, जिसके बाद मामला शांत हो गया। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना चौकी तक नहीं पहुंची। हालांकि जानकारी मिली थी कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने नैनीताल में किया 121 करोड़ 52 लाख 46 हजार लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरदादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में 121 करोड़ 52 लाख 46 हजार रुपये की लागत के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 42 करोड़ 77 लाख 31 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बहु प्रतीक्षित मेट्रोपोल सर्फेस पार्किंग का भूमि पूजन किया गया, जिसमें 30 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत के दो योजनाओं का लोकार्पण किया तथा 90 करोड़ 86 लाख 46 हजार रूपये की लागत के 11 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।



लोकार्पण योजनाओं में 29 करोड़ 16 लाख की लागत से सूखाताल झील को रिचार्जिंग जोन एवं टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट के रूप में विकसित किया गया, जिसके अंतर्गत सूखाताल झील का संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। योजना अंतर्गत स्थल पर दो झीलों का निर्माण व उनके मध्य डक्ट का निर्माण, झील में पानी की शुद्धता हेतु एयरेशन प्लांट की स्थापना, 9 दुकानों का निर्माण, शौचालय ब्लॉक का निर्माण व विकसित स्थल पर प्रवेश हेतु मुख्य मार्ग से लगते हुए लिफ्ट एवं ट्रांजिट भवन का निर्माण एवं झील के चारों तरफ पैदल पथ का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से हल्द्वानी में जिला खनिज न्यास योजना अंतर्गत स्वीकृत कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में पुस्तकालय के संरचनात्मक दृढ़ता एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के विकास हेतु कुल 11 योजनाओं का शिलान्यास भी किया, जिसमें 9 करोड़ 63 लाख 9 हजार रूपये की लागत से जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट पाडली मोटर मार्ग के किलोमीटर 11 में 74.15 मीटर स्थान के प्री स्ट्रेस सेतु (मोटर पुल) का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन, आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र की सामाजिक आर्थिकी में सुधार आएगा। नैनीताल जिला मुख्यालय में 34 करोड़ 3 लाख 13 हजार रुपये की लागत से नेशनल होटल तल्लीताल में प्राधिकरण की कार पार्किंग से लगती नगर पालिका की भूमि पर ऑटोमेटेड मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 202 चार पहिया एवं 96 दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग निर्माण से जन सामान्य में पर्यटकों को पार्किंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

## मध्यप्रदेश बना सबसे तेज़ी से आगे बढ़ने वाला राज्यः अमित शाह

ग्वालियर , केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश में सबसे तेज़ गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। बीते सालों की वैश्विक आर्थिक उतार–चढ़ाव से अलग रहकर अनेकानेक चुनौतियों और संसाधनों के अभाव से उबरकर प्रदेश ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, वह पूरे देश को अभिप्रेरित करती है। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सुधार, खनन, फार्मा, नवकरणीय ऊर्जा और वृहद संख्या में आधारभूत अवसंरचनाएं, हर क्षेत्र में मध्यप्रदेश आज अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने अपनी नई सोच, उद्यमशीलता, प्रगतिशील दृष्टिकोण और नवाचारों के माध्यम से विकास के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनका अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री शाह गुरुवार को भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के विशेष अवसर पर ग्वालियर के मेला



मैदान में आयोजित "अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट" को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और निःसंदेह यह तय है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मध्यप्रदेश का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने प्रदेश के नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि यहां निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, स्पष्ट नीतियां और मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई देती है। इन्हीं सभी प्लस फैक्टर्स से ही मध्यप्रदेश ने इस साल देश में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं।

इस मामले में मध्यप्रदेश ने देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर गृह मंत्री शाह ने 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश लागत से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित होने वाली हजारों औद्योगिक एवं निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन किया। गृह मंत्रीश्री शाह ने मंच से 5,810 करोड़ रुपए लागत से औद्योगिक विकास परियोजनाओं एवं सड़क विकास कार्यों का लोकार्पण कर 860 वृहद औद्योगिक इकाईयों को 725 करोड़ रुपए की निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि सिंगल क्लिक से वितरित की। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने मध्यप्रदेश में बीते दो साल में हुए औद्योगिक विकास पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक और निवेश पुस्तिका का विमोचन भी किया।

### कुख्यात विनय त्यागी को गोली मारने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेशी पर जा रहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी पर अंधाधुंध गोलियां चलाने के आरोपी दोनों शूटरों को पुलिस ने खानपुर थाना क्षेत्र के जंगल से गिरफ्तार कर लिया। हमलावरों से वारदात में इस्तेमाल किए गए तमंचे भी बरामद हो गए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में मुख्य आरोपी सन्नी यादव उर्फ शेरा निवासी गुलजारपुर थाना काशीपुर (ऊधमसिंहनगर) ने पैसों के लेनदेन के विवाद में साथी अजय निवासी खरमासा कॉलोनी, काशीपुर के साथ विनय त्यागी की हत्या के इरादे से उस पर गोलियां चलाने की बात स्वीकार की है। सन्नी और अजय का आपराधिक इतिहास रहा है। वह काशीपुर में एक डकैती के मामले में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी सन्नी और विनय त्यागी के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद है। सन्नी के रकम मांगने पर विनय त्यागी उसकी हत्या करवाने की धमकी दे रहा था। इसी बात से भड़के सन्नी ने विनय की हत्या की साजिश रची थी।

## 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान, चुनावी माहौल में बीएनपी को मिली नई ताकत

ढाका ,बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी चेयरमैन तारिक रहमान 17 वर्ष बाद स्वदेश लौट आए हैं। देश में जारी राजनीतिक अस्थिरता और अराजक माहौल के बीच आम चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। ऐसे समय में रहमान की वापसी से बीएनपी समर्थकों में नया जोश देखने को मिल रहा है। हालांकि, पार्टी के भीतर भरोसा कायम करना उनके लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि जिस दौर में वह निर्वासन में थे, उस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर संघर्ष करते रहे। प्रभावशाली जिया परिवार के उत्तराधिकारी तारिक रहमान की वापसी को अंतरिम सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के एक विशेष सहायक ने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है। इससे बीएनपी के लिए समर्थन जुटाने की राह और आसान हो सकती है।

**पीएम पद के प्रबल दावेदार बने तारिक**

पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया (80) के बड़े बेटे तारिक



रहमान (60) फरवरी में संभावित आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। बीएनपी प्रवक्ता रुहुल कबीर रिज़वी ने उनकी वापसी को निर्णायक राजनीतिक क्षण बताया है। तारिक के पिता जियाउर रहमान, जो सैन्य शासक से नेता बने थे, ने बीएनपी की स्थापना की थी और 1977 से 1981 तक राष्ट्रपति रहे, जब उनकी हत्या कर दी गई थी। तारिक रहमान की वापसी को देखते हुए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। वहीं, बीएनपी ने ताकत दिखाने के लिए उनके स्वागत में लाखों समर्थकों को जुटाने का लक्ष्य तय किया है।

**शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद बदला परिदृश्य**

तारिक रहमान की वापसी ऐसे समय में हुई है, जब पांच अगस्त 2024 को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। बदले राजनीतिक हालात में बीएनपी एक बार फिर प्रमुख ताकत के रूप में उभर रही है। 2001–2006 के शासनकाल में बीएनपी की सहयोगी रही जमात–ए–इस्लामी और उसके इस्लामी दल अब बीएनपी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी बन चुके हैं। वहीं, अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत आदेश जारी कर अवामी लीग को भंग कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तारिक रहमान की वापसी से बांग्लादेश की राजनीति में नया मोड़ आ सकता है और आगामी चुनाव और अधिक रोचक होने की संभावना है।

## अरावली की नई परिभाषा पर छिड़ी जंग, कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा का करारा पलटवार

नई दिल्ली। अरावली की नई परिभाषा पर छिड़ी जंग में सियासी पारा भी अब धीरे–धीरे गरम होने लगा है जिसकी झलक गुरूवार को सोशल मीडिया पर पूर्व पर्यावरण–वन मंत्री कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच शब्द युद्ध के रूप में दिखी। सरकार की बुधवार को जारी अधिसूचना को भ्रामक तथा गलत बताने के जयराम के बयान को टैग करते हुए भूपेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट में कहा , 'रमेश आपने दावा किया किया है उस बारे में एफएसआई ने कोई अध्ययन नहीं किया है लेकिन मुझे पता है कि एफएसआई के साफ इनकार के बावजूद आप ये झूठ क्यों फैला रहे हैं।



**अरावली की परिभाषा पर सियासी घमासान जारी**

शायद आपकी 'पर्यावरणवादी वाली बात' तब ज्यादा भरोसेमंद लगती जब अपनी पार्टी के साथी अशोक गहलोत से आप पूछते कि अरावली को किसने बर्बाद किया।

आप और आपके साथी घबराए हुए हैं क्योंकि हमने गुजरात से दिल्ली तक अरावली में माइनिंग पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। हम आपको, गहलोत या आपकी पार्टी के किसी और को पवित्र अरावली रेंज को फिर से लूटने नहीं देंगे। आपकी पार्टी ने जो बर्बाद किया है, उसे ठीक करने के लिए हम काम करते रहेंगे।

**जयराम रमेश के आरोपों पर भूपेंद्र यादव का पलटवार**

भूपेंद्र यादव के इस वार के बाद उनके एक्स पोस्ट को टैग करते हुए कांग्रेस महासचिव ने पलटवार करते हुए सरकार पर तीन सवाल दागे। जयराम रमेश ने कहा, 'पर्यावरण–वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री अरावली के बारे में लगातार गुमराह कर गलत जानकारी दे रहे हैं। पहला एफएसआई अब मंत्रालय के एडीजी के अतिरिक्त प्रभार में है और वही कहेगा जो मंत्री चाहते हैं और उन्हें निर्देश दिया गया है। दूसरा एफएसआई के आंतरिक मूल्यांकन ने मंत्रालय को चेतावनी दी थी।

**सरकार ने अरावली में माइनिंग पर लगाया बैन**

क्या ऐसे मूल्यांकन से इनकार किया जा रहा है? तीसरा प्रारंभिक डाटा एफएसआई के पास ही है तो मंत्री एफएसआई से औपचारिक अध्ययन करने और राजस्थान के 15 जिलों में अरावली बनाने वाली अलग–अलग ऊंचाइयों की बहुत सारी पहाड़ियों का एलिवेशन चार्ट जारी करने के लिए क्यों नहीं कहते?

### 11 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में फिर यहूदियों पर हमला

कैनबरा , ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस से ठीक पहले यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर की गई एक और घटना सामने आई है। मेलबर्न में अज्ञात लोगों ने एक रब्बी की कार को आग लगाने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन ने इस घटना को फायर बॉम्बिंग करार दिया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने इसे यहूदी–विरोधी मानसिकता से प्रेरित संदिग्ध हमला बताया है। यहूदी–विरोध या एंटी–सेमिटिज्म का अर्थ यहूदियों के प्रति नफरत, भेदभाव, पूर्वाग्रह या शत्रुता से है। इस सोच के तहत यहूदी समुदाय को दोषी ठहराया जाता है और उनके खिलाफ हिंसा या साजिशों को बढ़ावा दिया जाता है। पुलिस के मुताबिक, क्रिसमस की सुबह से पहले रब्बी के घर के बाहर खड़ी कार पर आग लगाने वाला उपकरण फेंका गया। आग से कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, समय रहते रब्बी और उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## क्रिसमस के दिन भीषण आग में लगभग 60 झोपड़ियां खाक

### बड़ा दिन की खुशियों पर लगा ग्रहण, तेज धमाकों से दहलती रही बस्ती

कोलकाता । महनगर कोलकाता में अगलगी का क्रम जारी है और बड़े दिन की खुशियों पर आज यहां तब ग्रहण लग गया जब मैलाडिपो भगाड़ में भीषण अगलगी की घटना में लगभग 60 झोपड़िया खाक हो गई। पुलिस, दमकल व स्थानीय लोगों ने बताया कि, उक्त घटना महेशतल्ला नगर पालिका के वार्ड 10 के भगाड़ में आज शाम से पहले लगभग 4.10 बजे के लगभग लगी। देखते ही देखते आग इस कदर भीषण हो गई की आग ने एक के बाद एक 60 से अधिक झोपड़यों को निगल लिया। आग यहां कूड़े के ढेर सहित बस्ती में लगी और लगभग दो घंटे में बस्ती को खाक कर दिया। घटना स्थल पर आधे दर्जन भर दमकल की इंजन के द्वारा दमकल कर्मी आग बुझाने की



कोशिश करते दिखें। वही स्थानीय रवीन्द्रनगर थाने के ओसी सुजन कुमार राय घटना स्थल पर मौजूद थे। घटना स्थल पर आंखों देखा हाल तो यह रहा कि एक के बाद एक करके धमाके की आवाज आ रही थी। रह–रह कर बस्ती इलाका दहल जा रहा था। घटना स्थल पर मौजूद वार्ड 1 तृणमूल के अध्यक्ष राकेश कुमार जैसवारा ने बताया कि, बस्ती में लगभग 8 से 10 गैस के सिलेंडर फटे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों पर तृणमूल का केंद्र पर तीखा हमला

कोलकाता , तृणमूल कांग्रेस ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ अब तक खुलकर आवाज नहीं उठाई है। साथ ही तृणमूल ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल बांग्लादेश के पीड़ित हिंदू समुदाय के साथ मजबूती से खड़ी है। राज्य की मंत्री शशि पांजा ने गुरुवार को कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी यह झूठा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही है कि तृणमूल कांग्रेस बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नहीं बोल रही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश



में दीपु चंद्र दास की हत्या की पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है और वहां के हिंदू भाइयों और बहनों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। शशि पांजा ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने अब तक बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर स्पष्ट और मुखर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। उन्होंने यह भी पूछा कि इन घटनाओं को लेकर विदेश मंत्रालय की ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

### रील विवाद...पूर्व सीएम हरीश रावत का भाजपा मुख्यालय कूच

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आज सोशल मीडिया पर वायरल एआई से बनाए गए वीडियो के विरोध में भाजपा मुख्यालय तक एकांकी मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। वहीं, हरीश रावत सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। हरीश रावत ने आरोप लगाया कि समाज में झूठ फैलाने के लिए उनका एआई के द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित किया।

कहा प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं से कुछ विभागों की भर्ती कराने का वादा किया था। लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ। सरकारी नौकरी की आस लगाए युवाओं की उम्र पार होती जा रही है।

## देश के सभी स्कूली बच्चों को नाश्ता देने की तैयारी

नई दिल्ली। स्कूली बच्चों को पर्याप्त पोषण मुहैया कराने की मुहिम में दोपहर के भोजन (मिड–डे मील) के साथ ही अब उन्हें सुबह के समय पौष्टिक नाश्ता भी मुहैया कराने की तैयारी है। गुजरात और कर्नाटक में इस पहल के शुरू होने के बाद केंद्र सरकार अब बाकी राज्यों को इस दिशा में प्रोत्साहित करने में जुटी है। इसके लिए सभी राज्यों के साथ गुजरात और कर्नाटक के प्लान को साझा किया गया है। साथ ही पीएम–पोषण योजना के लिए होने वाली बैठक के दौरान इसे लेकर भी एक प्लान साझा करने को कहा है।

**स्कूली बच्चों के मिडे–डे मील के साथ नाश्ता**

स्कूली बच्चों को दोपहर के भोजन के साथ सुबह का नाश्ता देने की यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की



सिफारिश के बाद आगे बढ़ी है, जिसमें कई अध्ययनों को हवाला देते हुए कहा गया है कि बच्चों को सुबह पौष्टिक नाश्ता देने के बाद कुछ घंटों तक उनमें मुश्किल विषयों को प्रभावी ढंग से सीखने की क्षमता बढ़ जाती है। ऐसे में बच्चों को दोपहर के भोजन के साथ सुबह की नाश्ता देने की सिफारिश की गई थी। एनईपी ने यह सिफारिश ऐसे समय की थी, जब यह जानकारी सामने आयी थी कि स्कूलों में अधिकांश बच्चे सुबह खाली पेट ही स्कूल आते हैं। इस सिफारिश के बाद गुजरात और कर्नाटक ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल पर सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कई फाउंडेशन के सहयोग से इसे शुरू किया है। इनमें राज्य सरकार और केंद्र की दूसरी पोषण योजना से मिलने वाली राशि की भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक दोनों राज्यों में स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ते के पैटर्न का अध्ययन कराया गया है, जिसमें यह पाया गया है कि बाकी राज्य भी इसे आसानी से शुरू कर सकते हैं। राज्यों से इसे लेकर प्लान मांगा गया है, जरूरत पड़ने पर राज्यों को सहयोग मुहैया कराया जाएगा। मौजूदा समय में देश में करीब 25 करोड़ स्कूली बच्चे है, जबकि स्कूलों में आठवीं तक पढ़ने वाले बच्चों को ही मौजूदा समय में दोपहर का भोजन मुहैया कराया जाता है।

**गुजरात में नाश्ते में क्या दिया जाता है?**

गुजरात में बच्चों को प्रतिदिन नाश्ते में औसतन दो सौ किलोकैलोरी और छह ग्राम प्रोटीन मुहैया कराने का लक्ष्य रखा है, जिसमें दूध व बाजरा जैसे मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थ दिए जाते हैं। राज्य सरकार ने इसे लेकर सीएम–पौष्टिक अल्पाहार योजना शुरू की है। स्कूलों में यह नाश्ता के समय ही परोसा जाता है। सरकार इसमें सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लेती है।

## सम्पादकीय

## राजनीति का नैतिक पतन

उत्तराखंड में राजनीतिज्ञों का जो चेहरा सामने आ रहा है वह काफी शर्मनाक है। पहाड़ की एक बेटी को जबरन अपनी मौज मस्ती के लिए प्रयोग करने का प्रपंच सफल न होने पर उसे मौत के घाट उतारना और बाद में एक पूरे षडयंत्र के तहत सबूत को नष्ट करना यह दर्शाता है कि न केवल आरोपियों को बचाने का प्रयास किया गया बल्कि पहाड़ की बेटी की जिंदगी की कीमत को कौड़ियों के दाम रखा गया। उत्तराखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर यूं तो बड़ी—बड़ी बातें की जाती है लेकिन अक्सर हमारे सामने ऐसे ना जाने कितने ही प्रकरण सामने आते हैं जिम महिला सुरक्षा की है यह बातें हवाई साबित होती हैं। अंकित हत्याकांड से जुड़े मामले में राजनीतिज्ञों पर लगाए गए आरोपों को समय के हवाले कर देना न तो न्याय है और न ही बेटियों की सुरक्षा की गारंटी। सवाल यह नहीं है कि आरोप किस पर लगे हैं, सवाल यह है कि हम समाज के तौर पर कितने संवेदनशील और ज़िम्मेदार हैं। हमारी जनता क्या सच में भोली है, या फिर जानबूझकर भोला बनने का नाटक करती है? यदि इतने गंभीर आरोपों के बाद भी वही चेहरे सम्मानित किए जाते हैं, तो यह केवल आरोपितों का नहीं, हम सबका नैतिक पतन होगा। उत्तराखंड के लोगों को इस दिशा में विचार करना होगा कि उनके जनप्रतिनिधियों का असली चेहरा आखिर कैसा है? उत्तराखंड जहां नारी में देवी का स्वरूप देखा जाता है वह देवभूमि उत्तराखंड केवल आस्था की भूमि नहीं, बल्कि संस्कार, सम्मान और सुरक्षा की प्रतीक है। अंकिता हत्याकांड प्रकरण में सोशल मीडिया और वीडियो ऑडियो क्लिपिंग के माध्यम से जिन—जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उन पर निष्पक्ष और स्वतंत्र सीबीआई जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सज़ा मिले—चाहे वे किसी भी पद या दल से जुड़े हों। यह समझना भी बहुत जरूरी होगा कि अंकिता प्रकरण से जुड़े आरोपियों को लेकर अभी तक चल रही यह लड़ाई किसी पार्टी या व्यक्ति के खिलाफ नहीं, यह लड़ाई है बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की। महज भाषण नारे और नारी सुरक्षा के सेमिनारों में महिला सुरक्षा की बात नहीं होनी चाहिए बल्कि अगर हमें सच में बेटियों को सुरक्षित करना है, तो हर बेटी को अपनी बेटी समझना होगा। यहां अबचुप्पी नहीं, आवाज़ उठानी होगी। परिस्थितियों से समझौता नहीं, न्याय की मांग करनी होगी, जिसमें उत्तराखंड के एक—एक व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए और वह भी पूरी मखरता के साथ। जब तक समाज सवाल नहीं करेगा, तब तक व्यवस्था जवाब नहीं देगी, क्योंकि जब व्यवस्था में जुड़े लोग ही संदेह के दायरे में हो तो उन्हें बचाने के लिए और अपनी छवि बनाए रखने के लिए सिस्टम किसी भी हद तक जाता है। उत्तराखंड की हर बेटी और बहन की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है और सभी को अपने इस कर्तव्य में अपना पूर्ण योगदान देना चाहिए तभी हम अपनी बहन और बेटियों को सुरक्षित रख पाएंगे।

# भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते

**पीयूष गोयल**

भारत—न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है – यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।

प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

रोजगार, विकास और बाजार पहुंच

इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत—प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य—शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम—गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा।

भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर

इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य—अवकाश (वर्किंग—हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है।

एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

### किसानों की तरक्की

प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट हैः भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा।

महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।



### अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं

भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क—कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं।

विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच—समझकर और धीरे—धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफटीए देशों – स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन – के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता – अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये – एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है।

इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

### भारत का पहला महिला—नेतृत्व वाला एफटीए

यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि हैः यह भारत का पहला महिला—नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में – मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक – अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है। प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।**

### भारत की एफटीए रणनीति

भारत—न्यूजीलैंड एफटीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण हैः विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम—प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं।

मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन—देन नहीं हैं—ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014 के 'कमजोर पांच' में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है।

आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों।

व्यापार शासन में ताजगी भरा बदलाव

भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियाँ अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है।

भारत—न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है।

वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे—जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफटीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव—केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

## आंकड़ों में हेरफेर

**पिछले अनेक वर्षों से प्रदूषित शहरों के वैश्विक सूचकांकों पर भारत की बेहद खराब स्थिति उभरती रही है। मगर इनसे सबक लेने और प्रदूषण दूर करने के संकल्पबद्ध उपाय करने के बजाय अब सरकार ने इन सूचकांकों की उपयोगिता को ही मानने से इनकार कर दिया है।**

वैश्विक सूचकांकों को तैयार करने में सरकारी एजेंसियां शामिल नहीं होतीं, इसीलिए उनकी साख है। आखिर ऐसी सरकारों के प्रतिमानों की क्या विश्वसनीयता हो सकती है, जो हकीकत छिपाने और आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए बदनाम हों? आईने में सूरत खराब नजर आए, तो आईना ही हटा दिया जाए– भारत की बागडोर जिन लोगों के हाथ में है, उनका यह नजरिया अब खतरनाक हद पार कर रहा है। नजरिया इस हद तक पहुंच गया है कि बीमारी बताने वाली जांच रिपोर्ट तक को ठुकराया जाने लगा है। इसकी मिसाल बीते हफ्ते संसद में देखने को मिली, जब सरकार ने वायु गुणवत्ता संबंधी अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों को अस्वीकार कर दिया। साथ ही एलान किया कि 'भारत अपने पैमाने खुद तय करता है। बीते लगभग दो महीनों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रदूषित हवा सुर्खियों में है। वायु गुणवत्ता बताने वाली मशीनों से हेरफेर के इल्जाम इस दौरान लगे हैं। यह एक नया पहलू है, जो इस वर्ष जुड़ा है। बहरहाल, पिछले अनेक वर्षों से प्रदूषित शहरों के वैश्विक सूचकांकों पर भारत की बेहद खराब स्थिति उभरती रही है। मगर इनसे सबक लेने और प्रदूषण दूर करने के संकल्पबद्ध उपाय करने के बजाय अब सरकार ने इन सूचकांकों की उपयोगिता को ही मानने से इनकार कर दिया है। पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग आधिकारिक नहीं हैं। इन्हें तैयार करने में कोई सरकारी एजेंसी शामिल नहीं होती। डब्लूएचओ के वायु गणवत्ता दिशा निर्देश भी महज परामर्श हैं, वे बाध्यकारी प्रतिमान नहीं हैं। आईक्यूएयर की विश्व वायु गुणवत्ता रैंकिंग, डब्लूएचओ का ग्लोबल एयर क्वालिटी डेटाबेस, पर्यावरण प्रदर्शन इंडेक्स (ईपीआई) और ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीज मेट्रिक्स आदि आधिकारिक नहीं हैं। इनका मकसद महज विभिन्न देशों को अपना प्रतिमान तय करने में मदद देना भर है। तो यह सरकार का नजरिया है। प्रश्न है कि सरकार के पैमाने क्या हैं और उन पर लोगों को क्यों भरोसा करना चाहिए? वैश्विक सूचकांकों को तैयार करने में चूंकि सरकारी एजेंसियां शामिल नहीं होतीं, इसीलिए उनकी दुनिया भर में साख है। आखिर ऐसी सरकारों के प्रतिमानों की क्या विश्वसनीयता हो सकती है, जो हकीकत छिपाने और आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए बदनाम हों? बहरहाल, यह नजरिया भारतवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

## आधी रात संसद चलाने का चस्का

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को आधी रात तक या उसके बाद भी संसद चलाने का चस्का लग गया है। बहुत पहले आधी रात को संसद का सत्र बुला कर वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी कानून पास किया गया था। यह 2017 की बात है। उसके बाद इस साल यानी 2025 में सरकार ने कम से कम तीन दिन आधी रात के बाद तक चर्चा कराई और विधेयक पास किए। ताजा मामला महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना यानी मनरेगा की जगह विकसित भारत जी राम जी बिल का है। संसद में इसे सरकार ने अचानक मंगलवार को पेश कर दिया। विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं था। उसे अंदाजा ही नहीं था कि सरकार इस तरह का बिल ला रही है। तभी बिल पेश होने के बाद विपक्ष ने इसे संसदीय समिति को भेजने को कहा। जब सरकार तैयार नहीं हुई तो एक दिन बाद बुधवार को इस पर चर्चा की मांग हुई, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

बुधवार को भी सरकार ने पहले परमाणु ऊर्जा बिल पेश कर दिया, जिस पर साढ़े पांच बजे तक चर्चा हुई और पास किया गया। उसके बाद शाम पांच बज कर 40 मिनट पर जी राम जी बिल पर चर्चा शुरू हुई, जो रात दो बजे तक चली। अगले दिन गुरुवार को दिन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस पर जवाब दिया और बिल पास किया गया। पास होने के तुरंत बाद इसे राज्यसभा में पेश किया गया और वहां भी चर्चा शुरू हुई, जो रात 12 बजे तक चली। 12 बजे से कुछ मिनट बाद इसे राज्यसभा ने पास किया।

## कहानी अभी बाकी है... दृश्यम 3 का प्रोमो आया सामने



अजय देवगन स्टारर आइकॉनिक थ्रिलर फ्रेंचाइजी दृश्यम के अगले चैप्टर का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है. दृश्यम 3 अब ऑफिशियली बड़े पर्दे के एक कदम और करीब आ गई है. जी हां, क्रिसमस वीक पर मेकर्स ने दृश्यम 3 की रिलीज डेट का एलान किया है. मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए इसका एलान किया है. दमदार डायलॉग सुनकर फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है. दृश्यम (2015) और दृश्यम 2 (2022) की जबरदस्त सफलता के बाद, मेकर्स ने अब दृश्यम 3 को लेकर एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने आखिरी इंस्टॉलमेंट के आने की पुष्टि की है. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, आखिरी हिस्सा बाकी है. 2 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में. वीडियो की शुरुआत अजय देवगन और उनके वॉयज ओवर से होती है. वह अपने बहुत पसंद किए जाने वाले किरदार विजय सालगांवकर के रूप में दिखाई देते हैं एक पावरफुल मोनोलॉग दे रहे हैं जो उन सभी सबक को दिखाता है जो उन्होंने सालों में सीखे हैं.

प्रोमो में विजय सालगांवकर कहता है, दुनिया मुझे कई नाम से बुलाती है, लेकिन मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि पिछले 7 सालों में जो कुछ हुआ, जो कुछ किया, जो कुछ देखा, जो कुछ दिखाया, उससे मुझे एक बात समझ में आ गई है, इस दुनिया में हर किसी का सच अलग है, हर किसी का सही अलग है, मेरा सच, मेरा सही, सिर्फ मेरी फैमिली है.

## अलविदा 2025 : शुभमन गिल समेत कई भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट में बनाए सर्वाधिक रन

नईदिल्ली,साल 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम के कई बल्लेबाजों ने अपनी तकनीक और निरंतरता से बेहतरीन प्रदर्शन किया। घरेलू मैदान या विदेशी पिचें, इन खिलाड़ियों ने लंबी और महत्वपूर्ण पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। कठिन परिस्थितियों में भी उनकी बल्लेबाजी ने रन बनाने में निरंतरता दिखाई। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय बल्लेबाजों के बारे में, जिन्होंने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए और अपनी कड़ी मेहनत का परिणाम दिखाया। इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल हैं। उनके बल्ले से साल 2025 में खूब रन निकले। इस खिलाड़ी ने 9 मुकाबले खेले और इसकी 16 पारियों में 70.21 की उम्दा औसत के साथ 983 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रन रहा। गिल 2 पारियों में नाबाद भी रहे। वह कुल मिलाकर दुनिया में भी टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और स्टार बल्लेबाज केएल राहुल हैं। उन्होंने इस साल 10 टेस्ट मैच खेले और इसकी 19 पारियों में 45.16 की शानदार औसत के साथ 813 रन बनाने में सफल रहे।

## एशेज सीरीज 2025—26: बॉक्सिंग डे टेस्ट मुकाबले का प्रीव्यू और जरूरी आंकड़े



नईदिल्ली, एशेज सीरीज 2025–26 का चौथा और बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम सीरीज में 3–0 से अजेय बढ़त ले चुकी है। पैट कमिंस चोटिल होने के कारण चौथे मुकाबले से बाहर हो गए हैं। ऐसे में एक बार फिर स्टीव स्मिथ कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इंग्लैंड ने भी अपनी प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव किए हैं। ऐसे में मुकाबले का प्रीव्यू और अन्य जरूरी बातों के बारे में जानते हैं।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 364 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 155 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 188 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 102 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए।

इंग्लैंड की टीम में जोफ्रा आर्चर और ओली पोप को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह जेकब बेथेल और गस एटकिंसन की वापसी हुई है। आर्चर चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं। पोप को उनकी खराब फॉर्म के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर किया गया है।

## अवतारः फायर एंड एश की तूफानी कमाई में लगा ब्रेक



जेम्स कैमरून की फिल्मों को लेकर उम्मीदें काफी ऊंची रहती हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्में इस बात का सबूत हैं जिन्होंने दर्शकों का न सिर्फ मनोरंजन किया है, बल्कि उन्हें सोचने—समझने की नई दिशा भी प्रदान की है। उनकी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी अवतार की दोनों किस्ते, खासतौर पर अवतारः द वे ऑफ वॉटर को जबरदस्त सफलता हासिल हुई। तीसरी और हालिया रिलीज किस्त अवतारः फायर एंड एश वैसा जादू चलाने में थोड़ा पीछे रह गई है। जानिए फिल्म की ताजा कमाई। अवतारः फायर एंड एश ने वीकेंड पर जबरदस्त प्रदर्शन किया, लेकिन कारोबारी दिनों में आते ही कमाई में गिरावट देखने को मिली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन भारत में लगभग 8.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस कमाई के साथ, अवतारः फायर एंड एश का भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 75.75 करोड़ रुपये हो गया है। इसने पहले दिन 19 करोड़, दूसरे दिन 22.5 करोड़ और तीसरे दिन 25.75 करोड़ रुपये कमाए थे। जेम्स की यह साइंस—फिक्शन एडवेंचर फिल्म अवतार फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है। पहली फिल्म 2009 में रिलीज हुई थी, जबकि दूसरी किस्त 2022 में सिनेमाघरों में आई थी।

## रणबीर कपूर की एनिमल 2 में अभिनेत्री सलोनी बत्रा की होगी वापसी

अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने कई आलोचनाओं के बावजूद दर्शकों का दिल जीता था। फिल्म के दूसरे भाग एनमिल पार्क का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज तारीख तो तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग 2027 से शुरू होने की पूरी संभावना है। चर्चा तो यह भी है कि दूसरी किस्त में, रणबीर को दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। इस बीच, सलोनी बत्रा ने सीक्वल में अपनी वापसी पर बात की है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित एनिमल पार्क में सलोनी को फिर दमदार किरदार में देखा जाएगा। उन्होंने कहा, मैं एनिमल 2 में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए निर्माता मनोरंजन और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं। यह बॉक्स ऑफिस के लिए और हमारे लिए भी अच्छा है। याद दिला दें कि सलोनी ने फिल्म में, रणबीर की बड़ी बहन का किरदार निभाया था जो बहुत अहम था।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारः हॉकी खिलाड़ी हार्दिक सिंह को मिलेगा खेल रत्न



नईदिल्ली, भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चयन समिति की एकमात्र सिफारिश बने हैं। वहीं, शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और ट्रैक एंड फील्ड एथलीट तेजस्विन शंकर को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए 24 खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। इसमें एक भी क्रिकेटर नहीं है। चयन समिति ने बुधवार (24 दिसंबर) को इन नामों पर मुहर लगाई, जिसमें विभिन्न खेलों के शीर्ष और युवा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

27 वर्षीय हार्दिक भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्ड की मजबूत कड़ी रहे हैं और वह टोक्यो 2021 और पेरिस 2024 ओलंपिक में पदक जीतने वाली टीमों का अहम हिस्सा थे। इस साल उन्होंने भारत को एशिया कप में स्वर्ण पदक दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, पहली बार योगासन खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया है, जिसे खेल मंत्रालय ने 5 साल पहले औपचारिक मान्यता दी थी।

अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ीः तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका (एथलेटिक्स), नरेंद्र (बॉक्सिंग), विदित गुजराथी (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (डेफ शूटिंग), प्रणति नायक (जिमनास्टिक्स), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खो–खो), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा शूटिंग), एकता भ्याण (पैरा एथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योराण (शूटिंग), मेहुली घोष (शूटिंग), सुतिर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (कुश्ती), आरती (योग), ट्रीसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम सियामी (हॉकी), मोहम्मद अफसल (एथलेटिक्स) और पूजा (कबड्डी)। इस सूची में इस बार किसी भी क्रिकेटर को जगह नहीं मिली है।

## एक नजर

### 26 और 27 दिसंबर को होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों और विदेश से आने वाले शोधकर्ता अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

कालेज के डायरेक्टर एकेडमिक डॉक्टर अश्वनी शर्मा ने बताया कि ग्लोबल कांफ्रेंस ऑन एजुकेशन, टैक्नॉलॉजी एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत अनेक प्रमुख विषयों पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का बतौर मुख्य अतिथि भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के महाप्रबंधक अंबरीस त्रिपाठी शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में टेलर्स यूनिवर्सिटी मलेशिया से डॉ. अंशुल गर्ग और एमआईटी मोरादाबाद से डॉ. क्षितिज सिंघल सम्मलित होंगे। इसके अलावा नोवा यूनिवर्सिटी पुर्तगाल से डॉ. ऐना पीगो एवं लंदन से कॉरप्रेट जगत से अशोक नौटियाल सम्मेलन में ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस कांफ्रेंस में देश विदेश से अनेकों शिक्षाविद् एंव शोधकर्ता शामिल होंगे। बताया कि इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य के लिए शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### गिरजाघरों में प्रार्थना के लिए उमड़े लोग

विकासनगर। क्रिसमस पर्व पर गिरजाघरों और मसीही समाज के घरों में गुरुवार सुबह से ही रौनक रही। मसीही समाज के लोगों ने अलग–अलग गिरजाघरों में पहुंचकर प्रार्थना की। क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु के जन्म से जुड़ी झांकियों के साथ शहर में शोभायात्रा निकाली गई। सेंट जेम्स गिरजाघर की ओर से मारटंडेल से शोभायात्रा निकाली गई। माता मरियम, प्रभु यीशु, चरनी में बालक यीशु की झांकी समेत सर्वधर्म समभाव को प्रदर्शित करती झांकियों के साथ शोभायात्रा पहाड़ी गली, मंडी चौक से होते हुए चर्च परिसर में समाप्त हुई। लोगों ने गले लगकर एक–दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। शोभायात्रा में फादर विशाल चरण, फादर एसके सिंह, रॉकी, लेसिली, पंकज पर्सेवेल, ओवेड जॉन, राकेश जॉन, अमन थॉमस, जॉम्स, रिंकू आशीष राणा, मोविन, विक्की, सचिन, सालू सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद रहे।

### अटल जयंती पर डॉ. चौहान अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

विकासनगर। डॉ. चौहान अस्पताल, विकासनगर की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 140 लोगों की थर्मल जांच, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल व स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को रियायती अल्ट्रासाउंड व निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर का उद्घाटन आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक राजेश सेठी ने दीप जलाकर किया। इस अवसर सूर्यांश सेठी, कंवलजीत भंडारी, आशा शर्मा, विवेक भंडारी,राकेश वर्मा,कमल राज, पूजा वर्मा, शालू थापा मौजूद रहे।

### अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच हो: डॉ. पांडे

हल्द्वानी। भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। गुरुवार को प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उर्मिला सनावर ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि ये खुलासे शर्मनाक हैं और सीएम धामी को पद पर रहने का अधिकार नहीं। उन्होंने मांग की है कि उच्चतम न्यायालय की निगरानी में सीबीआई जांच हो, क्योंकि एसआईटी राजनीतिक दबाव में वीआईपी का नाम छिपाती रही।

### पंडित मदन मोहन मालवीय को जयंती पर किया याद

हल्द्वानी। भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयंती पर महामना एजुकेशन फोरम की ओर से सत्यलोक कॉलोनी में मनाई गई। अवकाश प्राप्त प्रो. एमसी जोशी ने मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि पं. मालवीय एक कर्मयोगी थे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता के साथ एक युग पुरुष भी थे। फोरम के उपाध्यक्ष हरीश चंद्र शर्मा ने मालवीय के जीवन को भारतीय समाज के उत्थान, शिक्षा और स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ते हुए कहा कि मालवीय का सम्पूर्ण जीवन भारतीय समाज के उत्थान, शिक्षा की ज्योति जलाने व स्वतंत्रता की अलख जगाने में बीता।

# पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

### नैनीडांडा क्षेत्र के अंतर्गत कतेड़ा नदी में पुल निर्माण नहीं होने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नैनीडांडा में कतेड़ा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। नदी में पुल निर्माण नहीं होने से वर्षाकाल में समस्याएं बढ़ने लगती हैं। यदि जल्द पुल निर्माण नहीं हुआ तो ग्रमीण आंदोलन को मजबूर होंगे।

ग्राम रौंदड़ी, पुनोड़ी, चिल्लाऊ, सौंपखाल सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने धुमाकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि ग्रामीण लगातार पुल निर्माण की मांग उठा रहे हैं। बावजूद शासन-प्रशासन उनकी अनदेखी कर रहा है। वर्ष 2016-17 में पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली थी। जिसके बाद वर्ष 2021 में क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह रावत ने पुल निर्माण कार्य का शिलान्यस भी किया। इसके बाद निर्माण के लिए लोहा सहित अन्य लाखों का सामान मौके पर पहुंचाया गया। लेकिन, आज तक पुल निर्माण धरातल पर रंग नहीं ला पाया। नतीजा, पुल निर्माण के लिए लाई गई लाखों की सामग्री भी बर्बाद हो रही है। पुल निर्माण नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सांकेतिक रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठकर धरना दिया। साथ ही यदि जल्द कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो सैकड़ों गांव के ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह रावत, राहुल बिष्ट, धनवीर सिंह नेगी, सुभाष नेगी, दीनदयाल सिंह रावत, सुनील नेगी, विक्रम सिंह कंडारी आदि मौजूद रहे।



पुल निर्माण के लिए धुमाकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांकेतिक जाम लगाते ग्रामीण

# बांग्लादेश के खिलाफ विहिप का गुस्सा, फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के बाद आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद ने कोटद्वार में बांग्लादेश का पुतला दहन किया। कहा कि बांग्लादेश लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बना रहा है। कुछ दिन पूर्व बीच सड़क पर हिंदू युवक की हत्या कर दी गई।

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने शहर के मुख्य चौराहों पर आक्रोश रैली निकाली। इसके उपरांत झंडाचोक में पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दीपक गौड़ ने कहा कि कुछ दिन पूर्व बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की हत्या कर उसे बीच सड़क पर जला दिया गया। यह पूरी घटना बांग्लादेश पुलिस व प्रशासन की आंखों के सामने हुई, बावजूद बांग्लादेश का पूरा तंत्र चुप्पी साधे हुए थे। बांग्लादेश में हिंदुओं को जान बूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे पूर्व भी कई बार बांग्लादेश में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बांग्लादेश में हिंदू समाज डर के साये में जी रहा है। कहा कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में संगठन मंत्री विकास कुमार, सुनील अग्रवाल, परमेंद्र राणा, गौरव कश्यप, हर्ष भाटिया, कुलदीप रावत, अनीता रावत, नीतू सिंह, नीतू शर्मा, शक्ति सिंह, सुनीता नेगी, दिनेश शर्मा, कमलपाल, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के झंडाचौक में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन करते विहिप कार्यकर्ता व पदाधिकारी



# बिलखेत सांगुडा गेंद मेले की तैयारी शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : गेंद मेला समिति ने आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी मंदिर बिलखेत सांगुडा में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले गेंद मेला की तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष गेंद मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। विकासखंड कल्जीखाल के आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी मंदिर बिलखेत सांगुडा में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले गेंद मेले की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गेंद मेला समिति के पदाधिकारियों द्वारा गेंद मेला आयोजन को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गेंद मेले के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। बैठक में आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी गेंद मेला एवं जनकल्याणकारी समिति के अध्यक्ष सोहन सिंह नेगी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नेगी, संरक्षक नागेंद्र सेलवाल, कोषाध्यक्ष गौरव पसबोला, उपकोषाध्यक्ष भगवती प्रसाद सैलवाल, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# नुन्नावाला से डोईवाला तक निकला भव्य नगर कीर्तन

ऋषिकेश। नुन्नावाला गुरुद्वारे में शहीदी सप्ताह के तहत गुरुवार को पंच प्यारों ने भव्य नगर कीर्तन निकाला। इस दौरान गदरपुर से आई अकाल गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर कीर्तन में पंजाब के एलोरा से पधारे संत कश्मीरा सिंह और कथावाचकों ने शहीदी इतिहास की प्रेरणादायक कथाएं सुनाईं। बताया कि सिख इतिहास त्याग और संघर्ष की मिसाल है। गुरुद्वारा के प्रधान ओमकार सिंह ने बताया कि 21 से 27 दिसंबर के चल रहे शहीदी सप्ताह चल रहा है। कहा कि यह सप्ताह गुरु परिवार के बलिदान को आत्मसात करने और अपने जीवन में सत्य, सेवा और साहस को अपनाने का अवसर है। वहीं, नगर कीर्तन गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर भानियावाला, आर्यनगर समेत विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापस नुन्नावाला में गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। गन्ना समिति के उपाध्यक्ष हरभजन सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार धर्म रक्षा के लिए शहीद हुआ। ऐसा गौरवशाली इतिहास कभी भुलाया नहीं जा सकता है। नगर कीर्तन में सभासद सुरेश सैनी, सुरेंद्र सिंह खालसा, जसविंदर सिंह डाली, मनोज रावत, तरसेम सिंह राजा, विक्रम सिंह, जसवीर सिंह, भजन सिंह, प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, अर्जन सिंह, रणवीर सिंह, गुरपाल सिंह, ताजेंद्र सिंह, रोशन सैनी, नवीन बर्थवाल, रिसपाल, सुरेंद्र सिंह, बलदेव सिंह, प्रितपाल सिंह, असप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# कानून व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर मनाए नया साल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नए साल में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस की ओर से होटल संचालकों के साथ बैठक की गई। इस दौरान होटल संचालकों को विभिन्न निर्देश दिए गए। कहा कि नियमों का उल्लंघन होने पर होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लैंसडौन में पुलिस ने होटल यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि नववर्ष पर बड़ी संख्या में पर्यटक लैंसडौन सहित आसपास के क्षेत्र में घूमने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में किसी भी तरह से कानून व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को फोन करें। डीजे की ध्वनि आसपास के लोगों को परेशान न करें, इसका ध्यान रखें। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने होटलों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लैंसडौन रमेश तनवार आदि मौजूद रहे।



नववर्ष की तैयारियों को लेकर लैंसडौन के होटलों में पहुंच जरूरी दिशा–निर्देश देते पुलिस अधिकारी

### पछुवादून में कोहरे और शीतलहर से ठिठुरे लोग

विकासनगर। दो दिन चटक धूप खिलने के बाद गुरुवार को पछुवादून कोहरे के आगोश में सिमटा रहा। सुबह घना कोहरे छाया रहा। इसके बाद वातावरण में धुंध छाए रहने से सूर्यदेव की चमक हल्की रही। शीत लहर चलने से दिनभर कंपकपी रही। तापमान में गिरावट होने से गलन और ठिठुरन बढ़ गई। सुबह कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से सड़कों पर वाहन धीमी रफ्तार से चलते दिखाई दिए। जरूरी काम से बाहर निकले लोग ठंड से ठिठुरते दिखे। मौसम विभाग ने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को विकासनगर में अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा।

एक्यूआई 197 तक पहुंच गया। चकराता में अधिकतम तापमान 13 और न्यूनतम तापमान छह डिग्री रहा। बाजारों में व्यापारी अलाव का सहारा लेते दिखे मगर यात्री परेशान रहे।

# दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर जाम से परेशान यात्री

नई टिहरी : नैनबाग कस्बे में वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से बाजार में अक्सर जाम लग जाता है। नैनबाग बाजार से होकर दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी गुजरता है, यात्रा सीजन में वाहनों की अधिक भीड़ होने से व्यापारियों, स्थानीय लोगों के साथ यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। यमुना नदी कि किनारे बसा नैनबाग कस्बा क्षेत्र का मुख्य बाजार है। क्षेत्र का मुख्य बाजार होने के कारण स्थानीय लोग रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी करने के लिए नैनबाग बाजार आते हैं। बाजार और आसपास के क्षेत्र में वाहन पार्क करने के लिए व्यवस्था न होने से बाजार में जमा की स्थिति बन जाती है। नैनबाग बाजार के व्यापारी अजीत कंबोज, वीरेंद्र सिंह बहुगुणा, जयपाल तोमर, रमेश सेमवाल आदि ने बताया कि वाहन पार्किंग न होने के कारण लोग दुकानों के आगे अपने वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है। और व्यापारियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग होने के कारण बाजार में हर समय छोटे बड़े वाहन खड़े रहते हैं। कई बार ऐसी नौबत आ जाती है, कि घंटों तक बाजार में जाम लग जाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की ओर से कई बार प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बाजार के समीप वाहन पार्किंग की गुहार लगाई गई, लेकिन पार्किंग का निर्माण नहीं हो पाया। नैनबाग के पूर्व प्रधान गंभीर सिंह रावत, शरण सिंह पंवार ने बताया कि गत वर्षों में बाजार के समीप प्रशासन ने पार्किंग के लिए जमीन की तलाश की थी लेकिन मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

# क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार में गुरुवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने केके कटाते हुए एक दूसरे को क्रिसमस की बधाईयां दी। इस दौरान महागिरिजाघर व मैथोडिस्ट चर्च को बेहतर रूप से सजाया गया था। चर्च में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

गुरुवार को चर्च में लोगों की सुबह से ही भीड़ उमड़ी हुई थी। महागिरिजाघर में प्रभु यीशु मसीज के जन्म पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व, महा गिरिजाघर में रात्रि करीब नौ बजे से प्रार्थना सभा शुरू हुई, जो कि मध्य रात्रि के बाद तक चली। तदुपरांत केक काटकर एक-दूसरे को खिलाते हुए क्रिसमस की बधाईयां दी गई। इस मौके पर प्रभु यीशू से संबंधित भजन भी गाए गए। बिशप विनसेंट ने कहा कि प्रभु यीशू ने दुनिया को शांति व प्रेम का संदेश दिया। दुनिया को पापमुक्त करने के लिए ही यीशु ने धरती पर जन्म लिया। कहा कि प्रेम की शक्ति से ही दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाया जा सकता है। हमें प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। महागिरिजाघर में यीशु के जीवन में आधारित झांकी को देखने के लिए क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस मौके पर फादर सबिस्टन, फादर जार्ज, फादर मैथ्यू, फादर बीनू, फादर स्टीफन, फादर जीन्स, फादर बाबू, फादर जॉन सहित अन्य मौजूद रहे। उधर, मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने यीशु के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कोटद्वार में क्रिसमस के मौके पर महागिरिजाघर में सजाई गई झांकी

### बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बटोरी तालियां

विकासनगर। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां पेश कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरी।

बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चमन सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बालिकाओं ने शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य शिलाई की रितू नेगी, पुष्पा राणा इंडियन कबड्डी विश्वकप विजेता और रोहडू के पारसा गांव की रेनू ठाकुर विश्व विजेता महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा रही। उन्होंने कहा इन बेटियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जौनसार बावर में कही विद्यालयों में बालकों से अधिक बालिकाओं की संख्या है।

# भुलाया नहीं जा सकता वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का योगदान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भारतीय जनता पार्टी ने पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि देश व समाज के बेहतर उत्थान में दिए गए गढ़वाली के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तहसील में गढ़वाली की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली ने अंग्रेज हुकूमत द्वारा निहत्थे पठानों पर गोली चलाने के आदेश को मानने से साफ इंकार कर देने से अंग्रेजी हुकूमत हिल गयी थी। अंग्रेजों ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को जेल में डालकर यातनाएं दी। लेकिन, उनके देश की आजादी के लिए जज्बे में कमी नहीं आई। कहा कि आजादी मिलने के बाद व जेल से रिहा होने के बाद भी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली विकास के प्रति समर्पित थे। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास का खाका भी खींचा था। जिसको पूरा करने के लिए भाजपा सरकार ने उनके नाम से विभिन्न योजनाओं को संचालित करवाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, नगर अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, ओमप्रकाश सुंदरियाल, सुरेश शर्मा, नयन मोंगिया, पंकज भाटिया, रजनीश चौधरी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता

# नागणी में जल्द तैयार होगी मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के नागणी में मत्स्य विभाग मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कर रहा है। आगामी दो से तीन महिनों के भीतर यूनिट बनकर तैयार होने की उम्मीद है। यूनिट के तैयार होने से जिले के मत्स्य पालकों को मछली स्टोरेज के अन्य लाभ मिलेगा। नागणी में मत्स्य विभाग टिहरी नाबार्ड पोषित योजना से 1.29 करोड़ की लागत से हेंवल नदी के किनारे मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट तैयार कर रहा है। यूनिट के तैयार होने के बाद जिले में मत्स्य पालकों कर रहे लोगों को मछलियों का अधिक उत्पादन होने, बरसात के साथ ऑफ सीजन में मछलियों को रखने की बेहतर सुविधा मिलेगी। बरसात और ऑफ सीजन में मत्स्य पालक मछलियों के सामने मछलियों को स्टोरेज करने की बड़ी समस्या सामने आ जाती थी, मजबूरन उन्हें कम दामों पर मछली बेचनी पड़ती थी। जिले में अभी तक कई भी फिश प्रोसेसिंग यूनिट नहीं है। प्रोसेसिंग यूनिट में मछलियों को स्टोर की सुविधा के बाद मत्स्य पालकों को मछलियों के उचित दाम भी मिलेगा। मत्स्य पालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि प्रोसेसिंग यूनिट में कोल्ड स्टोरेज, फिश स्टोर, चेंबर आदि की सुविधा होगी। यूनिट में आइस प्लांट और कलेक्शन सेंटर भी बनाया जाएगा। इसके बाद मत्स्य पालकों को आइस क्यूब के लिए देहरादून और ऋषिकेश नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें सभी सुविधाएं फिश प्रोसेसिंग यूनिट में देने का प्रयास किया जाएगा। उपेंद्र प्रताप सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य नई टिहरी ने बताया कि मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट का भवन और एप्रोच रोड बनकर तैयार हो गई है। अगले कुछ दिनों में यूनिट में मशीनों की स्थापना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि अगले दो से तीन महिनों के भीतर प्रोसेसिंग यूनिट पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। (एजेंसी)

# छोटे भाई के दोनों हाथ कटवाने के आरोप में भाई-भाभी गिरफ्तार

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के लसियाल गांव में छोटे भाई के साथ मारपीट कर उसके दोनों हाथ कटवाने के आरोप में पुलिस ने आरोपी भाई और भाभी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक जांच यूनिट को भेजा गया है। दोनों आरोपियों को 25 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया जाएगा। बालगंगा तहसील के लसियाल गांव निवासी पीड़ित अंग्रेज सिंह बिष्ट (25) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 20 दिसंबर की रात को महाराष्ट्र से गांव पहुंचे उसके बड़े भाई पूरब सिंह और भाभी अंजलि ने उसके कमरे में आकर मारपीट की। जब पीड़ित ने भागने का प्रयास किया तो भाई ने दरवाजे पर खड़ी भाभी से चाकू लेकर हमला कर दिया। इससे उसके दोनों हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गए। बमुश्किल उसने भागकर जान बचाई। पीड़ित ने बताया कि मदद के लिए वह रात को ही गांव में रह रहे नेपालियों के घर में गया। फिर सुबह होने पर मदद के लिए चाचा के घर गया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। उसके बाद वह दिनभर घर में रहा।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2025-26/TN-15 दिनांक : 24.12.2025

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-14-TRD-MB-25-26-II |
| कार्य का नाम | हरिद्वार–रायवाला खंड में फीडर तार का प्रावधान। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 15.01.2026 15.00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | रु. 2,14,01,717.63/- (Including GST @18%) |
| बिड सिक्युरिटी राशि (₹) | रु. 2,57,000/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 08 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

3995/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खेल, युवाओं को नशे से दूर रखने और सकारात्मक दिशा देने का माध्यम : धामी

## सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरदादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को तिब्बती मार्केट, देहरादून स्थित ओल्ड मल्टीपरपज हॉल में सांसद खेल महोत्सव-2025 के समापन समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेता टीम को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि यह अवसर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को नमन करने का है। उन्होंने अपने



जीवन से यह सिखाया कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प होती है। उत्तराखंड राज्य निर्माण से लेकर देश को नई दिशा देने तक, उन्होंने हमेशा युवाओं, खिलाड़ियों और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सपना देखा। आज खेलों के माध्यम से जो सशक्त, आत्मविश्वासी और अनुशासित युवा भारत उभर रहा है, यह अटल जी के विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ सांसद खेल महोत्सव आज केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गांव-गांव से खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस महोत्सव ने प्रदेश के युवाओं को एक ऐसा मंच दिया है, जहां से वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं। यह ह्फिट इंडिया, स्पोर्ट्स इंडिया, स्ट्रांग इंडियाह्व के संदेश को धरातल पर उतारने का सशक्त उदाहरण है। इसके माध्यम से स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को पुनर्जीवित किया गया है और हर वर्ग के बच्चों को खेल के अवसर मिले हैं। खेल, युवाओं को नशे से दूर रखने और सकारात्मक दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, लोक सभा सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, दायित्वधारी श्रीमती विनोद उनियाल, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी देहरादून अभिनव शाह एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

## श्रमिकों की समस्याएं सुनेंगी महानगर श्रम कांग्रेस

देहरादून। महानगर श्रम कांग्रेस जल्द मॉल, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी में जाकर श्रमिकों की समस्याएं सुनेंगी। महानगर श्रम कांग्रेस की ओर से आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। गुरुवार को कार्यालय में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर सुनवाई नहीं हो रही है।मजदूर हताश और निराश है। संगठन जल्द श्रमिकों से मिलेगा और उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का प्रयास करेगा। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक बहुत परेशान लेकिन सरकार उनके बारे में नहीं सोच रही है। श्रम कांग्रेस वार्ड स्तर और बूथ स्तर पर श्रमिकों को जोड़ने का काम करेगी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह कौशल, किशोर उनियाल, पंडित कांति वल्लभ भट्ट, पूनम कंडारी, चंद्रपाल ,हरेंद्र सिंह बेदी, मनीष गर्ग, प्रकाश डबराल, नरेंद्र कुमार ने भी विचार रखे। इस दौरान अनस खान, होशियार सिंह, संजीव कुमार को वार्ड अध्यक्ष, महानगर महासचिव नितिन कुमार, अजय वर्मा और महानगर उपाध्यक्ष कमल किशोर शर्मा को बनाया गया।

# अंकिता हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा हो

देहरादून। अंकिता हत्याकांड की जांच की मांग को लेकर उत्तराखंड महिला मंच ने गांधी पार्क में प्रदर्शन किया। उत्तराखंड इंसानियत मंच ने भी प्रदर्शन को समर्थन दिया। महिलाओं ने कहा कि उर्मिला के आरोप बेहद गंभीर हैं। इन आरोपों की जांच हो और अंकिता के वीआईपी के नाम को उजागर किया जाए। उत्तराखंड महिला मंच की संयोजिका कमला पंत ने कहा कि उर्मिला सनावर ने जिन लोगों के नाम लिये हैं वे सत्ताधारी बीजेपी की बड़े नेता हैं। इसलिए सरकार को इन आरोपों की तुरंत जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में सीबीआई से करवाई जाए। यदि जल्द जांच शुरू नहीं की गई तो उत्तराखंड महिला मंच अन्य संगठनों के साथ मिलकर राज्यव्यापी आंदोलन शुरू कर देगा। उन्होंने उन्नाव की बेटी के सजायाफ्ता दोषी बीजेपी के पूर्व विधायक की सजा निलंबित किए जाने पर भी अफसोस जताया और कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पार्टी के राज में बेटियों के गुनहगारों को जेलों से छोड़ा जा रहा है और मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया जा रहा है। मंच की निर्मला बिष्ट ने कहा कि उर्मिला सनावर के आरोपों को हम पूरी तरह सही नहीं मान रहे हैं। उत्तराखंड इंसानियत मंच के त्रिलोचन भट्ट ने कहा कि उर्मिला सनावर के आरोप झूठे हो सकते हैं, लेकिन उसे इस तरह का झूठ बोलने का मौका सरकार ने ही दिया। अंकिता के वीआईपी के नाम का पहले ही खुलासा कर दिया जाता, मामले की सीबीआई जांच का सरकार विरोध नहीं करती और एसआईटी जांच में वीआईपी को भी शामिल किया जाता तो यह नौबत नहीं आती। विमला कोली ने कहा कि चार दिन बाद भी सरकार इस मामले में मौन साधे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा चुनावों में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे : बिष्ट

देहरादून। शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। शहर कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मसूरी विधानसभा प्रभारी व बीएलए की बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में मसूरी विधानसभा प्रभारी अमेंद्र बिष्ट ने कहा कि पार्टी संगठन सृजन की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं उत्तराखंड में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ मिलकर एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करना है जिसके तहत बीएलए वन का गठन कर दिया है। प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली को जिम्मेदारी दी गयी है। उनके साथ संगठन सृजन सहित बीएलए टू व अन्य कार्यों के लिए उन्हें भी जिम्मेदारी दी गयी है। यह चुनौतीपूर्ण है व जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त है अगर उनके हित की लड़ाई लड़नी है। जनता को भाजपा के प्रपंच से बचाना है व जनता की रक्षा करनी है। कहा कि पिछले कुछ समय से उत्तराखंड में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। कहा कि भाजपा के लोगों पर पोस्को पर कार्रवाई जारी है। गट्टू प्रकरण की जांच होनी चाहिए। सीबीआई जांच के साथ सिटिंग जज या सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में जांच होनी चाहिए। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता, उपेंद्र थापली, रूचिता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### नेताजी संघर्ष समिति ने महान विभूतियों के संघर्षों को याद किया

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के देशहित में किए गए संघर्षों को याद करते हुए। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय देश की शान थे। समिति का उद्देश्य देश की आजादी और निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के संघर्षों से नई पीढ़ी को रूबरू कराना है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही उत्तराखंड राज्य का सपना साकार हुआ। उनके कार्यकाल में देश में एकता और तरक्की की नई लहर दौड़ी थी। इस अवसर पर जय बिष्ट, गुलाम मुस्तफा, अतुल शर्मा, इलियास कुरैशी, दानिश नूर, रणजीत सिंह जोशी, इम्तियाज अहमद, नितिन राठौर, प्रदीप कुकरेती और सुशील विरमानी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने बाल मजदूरी और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दे उठाए

हल्द्वानी। सेंट लॉरेंस स्कूल स्कूल के कैप्टन जेएन जोशी हॉल में कक्षा 4 और 5 के नन्हे छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ानः आशाओं के पंख का आयोजन किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों को नृत्य–नाटिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने विद्यालय जीवन की यात्रा, मोबाइल की लत, बाल मजदूरी, महिला सशक्तिकरण व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रेरक जीवन संघर्ष जैसे सामाजिक विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों, योग प्रदर्शन और रतन टाटा को समर्पित भावपूर्ण श्रद्धांजलि ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

गेस्ट ऑफ ऑनर आम्रपाली इंस्टीट्यूट के डीन प्रशांत शर्मा रहे। विद्यालय की संरक्षिका शांति जोशी, निदेशक अनिल जोशी, सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनिता जोशी, उप प्रधानाचार्या अंजू पाठक, संजय सुयाल,उदय भट्ट, कुबेर भुटियानी आदि मौजूद रहे।

### मंगलवार को मीट दुकानें बंद रखने के निर्णय पर मेयर सम्मानित

रुद्रपुर। शहर में प्रत्येक मंगलवार को मीट–मछली की दुकानें बंद रखने के नगर निगम के निर्णय पर हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर निगम पहुंचकर मेयर विकास शर्मा को सम्मानित किया। हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष राजा भारद्वाज के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने निर्णय को धार्मिक भावनाओं का सम्मान बताते हुए आभार जताया। मेयर ने कहा कि देवभूमि उत्तर-खण्ड की आस्था और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए मीट विक्रेताओं के लिए एसओपी जारी की गई है, नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना व सीलिंग की कार्रवाई होगी।

# कर्नल रौतेला को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहना पत्र मिला



हल्द्वानी। ले.कर्नल (सेनि.) बीएस रौतेला को सेना भवन के साउथ ब्लॉक सभागार में एक समारोह के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी की ओर से उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहना पत्र दिया गया। कर्नल रौतेला 2007 में कुमाऊं रेजिमेंट से सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर रहकर उन्होंने वीरांगनाओं, दिव्यांग पूर्व सैनिकों को पेंशन दिलाने में सहयोग किया। सेवानिवृत्ति के बाद वह जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष पद रहे। उन्हें सराहना पत्र मिलने पर पूर्व सैनिक लीग समेत कुमाऊं के पूर्व सैनिकों ने खुशी जताई है।

## नर्सिंग बेरोजगारों का धरना जारी, सर्दी में पड़ रहे बीमार

देहरादून। वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर नर्सिंग एकता मंच के बैनर तले चल रहा धरना गुरुवार को लगातार 21वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड बढ़ने के कारण धरना स्थल पर रात्रि में ठहरने वाले कई नर्सिंग बेरोजगार बीमार हो रहे हैं, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि लगातार सर्दी बढ़ने के बावजूद वे अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उनका आरोप है कि सरकार केवल आश्वासन दे रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। नर्सिंग एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि नर्सिंग बेरोजगार लंबे समय से वर्षवार भर्ती की मांग कर रहे हैं और अब जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया अटल प्रेक्षाग्रह का लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि। देहरदादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लेखक गांव थानो, देहरादून में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित अटल स्मृति व्याख्यान माला-2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल प्रेक्षाग्रह का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को राज्य का दर्जा देने वाले हमारे श्रद्धेय अटल ही थे।

उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से उनके विचारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रनिष्ठ भावना को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री अटल



का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी ने ओजस्वी कवि के रूप में अपने शब्दों से संवेदनाओं को स्वर दिया। कहा कि देश के प्रधानमंत्री के रूप में स्व. श्री अटल ने भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना तक, ग्राम सड़क योजना से लेकर दूरसंचार क्रांति तक उनके प्रत्येक निर्णय ने भारत को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार, जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने के ध्येय के साथ निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने गांवों से लेकर शहरों तक, किसानों से लेकर युवाओं तक, मातृशक्ति से लेकर श्रमशक्ति तक तथा व्यापारियों से लेकर कर्मचारियों तक समाज के प्रत्येक वर्ग और क्षेत्र के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बनाई हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का कार्य किया है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, श्रीमती विदुषी निशंक, प्रेम बुढ़ाकोटी, सुरेश, प्रदीप सरधाना, डॉ. सविता मोहन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम अटल की जयंती पर पुष्पांजलि व दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की अटल स्मृति वर्ष के तहत उनकी जयंती पर श्रीदेव सुमन नगर मंडल के दून विहार वॉर्ड के बूथ संख्या 51 दून विहार पार्क में पुष्पांजलि व दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रदेश मंत्री नेहा जोशी ने कहा कि अटल का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मर्यादा व विचारों की ऊंचाई का प्रतीक रहा है। उनकी स्मृतियां, आदर्श आज भी हम सभी को राष्ट्र प्रथम के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। पुष्पांजलि कार्यक्रम से पूर्व पार्क में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर दून विहार पार्षद मीनाक्षी नौटियाल, पार्षद मोहन बहुगुणा, पूर्व पार्षद संजय नौटियाल,



जिला मंत्री अमोल डोभाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मंडल उपाध्यक्ष अंकित जोशी, राजेश शर्मा, महामंत्री आशीष थापा, मंडल मंत्री इन्दर परमार, मीडिया प्रभारी मानवेंद्र सती, शक्ति केंद्र संयोजक मेहरबान सिंह रावत, देवेंद्र कुमार, बूथ अध्यक्ष सौरभ बंगारी मौजूद रहें।

## अटल को कविताओं से किया याद

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती दिवस पर नाथ पैलेस बल्लीवाला में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कहा कि पूर्व पीएम अटल एक महान व्यक्तित्व थे। जिन्होंने देश को विश्व पटल पर अलग पहचान दिलाई। कवि श्रीकांत श्री, कमलेश शर्मा, बलबीर खिचड़ी, सुल्तान सिंह, महिमाश्री ने कविता पाठ किया। कैंट विधायक सविता कपूर, विधायक विनोद चमोली, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, दर्जाधारी मंत्री कैलाश पंत, श्याम अग्रवाल, राजेंद्र ढिल्लों, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, सुमित पांडे, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष कुलदीप पंत मौजूद रहे।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए यूकेडी ने किया प्रदर्शन



हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल ने अंकिता भंडारी की हत्या के वास्तविक दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर गुरुवार को बुद्धपार्क में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि अंकिता की हत्या में राष्ट्रीय पार्टी के नेताओं की संलिप्तता रही है। इस संबंध में सोशल मीडिया में कई वीडियो और ऑडियो वायरल हो रहे हैं। इनकी जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाए। कहा कि जांच के लिए जिम्मेदार एजेंसियां आरोपियों को बचाने का काम कर रही हैं। यूकेडी ने न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के पूर्व केंद्रीय प्रभारी कमल जोशी, जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, रवि वाल्मीकि, भुवन बिष्ट, मुकेश, हरीश कोटलिया, मोनिका सिंघल, सुनिता भट्ट, हरीश पांडे, अजीत चौधरी मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

अल्मोड़ा। नगर में क्रिसमस पर्व पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर स्थित चर्चों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। क्रिसमस के आयोजन में ईसाई समुदाय के साथ–साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी सहभागिता कर आपसी सद्भाव का संदेश दिया। क्रिसमस के मौके पर गुरुवार को नगर स्थित बेडन मेमोरियल चर्च में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 बजे प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रार्थना सभा में पादरी रॉब रोबिन दास ने उपस्थित लोगों को प्रभु यीशु मसीह के जन्म और उनके संदेशों के बारे में बताया। उन्होंने प्रेम, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद बच्चों और युवाओं ने प्रभु यीशु के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कैरल्स और जिंगल गीत प्रस्तुत किए। चर्च परिसर में 'वो आ गया है ज़मीं पर' जैसे गीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां साझा कीं। पादरी राबिनसन दास ने मुख्य संदेश का पाठ किया, जिसे श्रद्धालुओं ने गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान बेडन मेमोरियल चर्च में प्रार्थना, भजन और गीतों के माध्यम से धार्मिक वातावरण बना रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए।

## शिक्षकों ने की गोल्डन कार्ड स्कीम पर चर्चा

हल्द्वानी। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जिला नैनीताल की बैठक गुरुवार को एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में गोल्डन कार्ड स्कीम को हाइब्रिड मोड में लागू करने से होने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षकों का कहना था कि प्रीमियम राशि में वृद्धि और अस्पतालों में सुविधाओं की कमी के कारण यह बदलाव शिक्षकों के लिए उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में रिक्त पदों को तीन माह में मृत घोषित करने, भर्ती व स्थानांतरण के लिए निदेशालय से पुनर्जीवित कराने के आदेश की कड़ी आलोचना की। जिला महामंत्री एलडी पाठक ने अशासकीय विद्यालयों में भी रिक्त चतुर्थ श्रेणी पदों पर नियुक्तियां किए जाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता एचएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने की। वीरेंद्र सिंह, देवेश पनेरू, भास्कर जोशी, राकेश जोशी, हीरा सिंह बिष्ट, हरेंद्र सिंह, भगत सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह कोरंगा, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, बलराम प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को जंयती पर किया याद

विकासनगर। पछुवादून और जौनसार में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। भाजपाइयों समेत सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दूरदर्शी नेता थे। उन्हीं की बदौलत हमें उत्तराखंड राज्य की प्राप्ति हुई है।

विकासनगर ब्लॉक में भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर याद किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि वाजपेयी का साहसी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता सभी



के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। कहा कि अटल का जीवन ईमानदार संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वह भाजपा में तो लोकप्रिय थे ही, विपक्ष में भी उतने ही लोकप्रिय थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष मीता सिंह, जिला महामंत्री यशपाल सिंह नेगी, ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अनुज गुलेरिया, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, रचित ठाकुर, संजय गुप्ता, दीपक तोमर, श्यामा देवी, हरीश हैरी आदि मौजूद थे। उधर, भाजपाइयों ने सेलाकुई के राजावाला में भी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से अटल जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर दर्जाधारी राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल, अमित डबराल, कैलाश चौहान, विजय अग्रवाल,अशोक वरिष्ठ, रजनीश शर्मा, उदय पाल, हनुमंत रावत, जगदीश नेगी, दिनेश कुमार, चतर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

विकासनगर। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और हिंसक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकासनगर बाजार में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र में रैली निकालते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य संजय किशोर महेंद्रू ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनके घर, मंदिर और व्यापारिक प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं हैं। यह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर



केवल मौन नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कहा कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो कांग्रेस पार्टी देशभर में आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# धूमधाम से मनाया सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम का वार्षिकोत्सव

अल्मोड़ा। संकुल केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम अल्मोड़ा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पहाड़ी, मराठी और बंगाली नृत्य, भजन, भांगड़ा, हिंदी नाटक ह्यपन्ना अध्यायह्व, अंग्रेजी नाटक, चक्रयोग, झंडी योग, डंबल, अग्निचक्र, घोष प्रदर्शन और ताइक्वांडो जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों की प्रगति के लिए मेहनत और परिश्रम आवश्यक है, लेकिन उन पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का प्रयास किया जाना चाहिए, साथ ही स्वच्छता के प्रति भी बच्चों को जागरूक करना जरूरी है। वरिष्ठ अतिथि विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहन चंद्र रावल ने अपने संबोधन में विद्या भारती के शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहला शिशु मंदिर वर्ष 1952 में गोरखपुर में स्थापित हुआ था,

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com